# अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | विषय | पृष्ठ क्रमांक |
|---|---|---|
| 1 | हिन्दी | 1-16 |
| 2 | गणित | 17-33 |
| 3 | अंग्रेजी | 34-42 |
| 4 | पर्यावरण अध्ययन | 43-60 |

# हिन्दी

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सही विकल्प चुनकर वाक्य पूरा कीजिए। ईश्वर ने चाहा..... तेरी मनोकामना पूरी होगी। | | | | |
| | (अ) ने | (ब) पर | (स) यदि | (द) तो | ( ) |
| 2 | ऋ' की मात्रा वाला शब्द चुनिए- | | | | |
| | (अ) वर्ष | (ब) व्रत | (स) वक्र | (द) वृक्ष | ( ) |
| 3 | राकेश कूदने लगा, कूदते हुए उसका पाँव रस्सी से छू गया। रेखांकित शब्द है \| | | | | |
| | (अ) संज्ञा | (ब) सर्वनाम | (स) क्रिया | (द) विशेषण | ( ) |
| 4 | मैं अंधेरे में उजाला करती हूँ \| मेरी चाल बहुत तेज है। मैं धातु के तारों में प्रवाहित होती हूँ। गद्यांश में आपसे कौन बात कर रही है? | | | | |
| | (अ) मोमबत्ती | (ब) बिजली | (स) लालटेन | (द) टॉर्च | ( ) |
| 5 | गाय... भैंस... बकरी व बालों के झुंड मेरे ऊपर से गुजरते हैं। वाक्य में विराम चिह्नों का प्रयोग होगा? | | | | |
| | (अ) - योजक चिह्न | (ब) ? प्रश्नवाचक | (स) , अल्पविराम | (द) । पूर्ण विराम | ( ) |
| 6 | माताजी की बहन आपकी म_सी लगती है। वाक्य पूरा करने के लिए कौनसी मात्रा का उपयोग करेंगे? | | | | |
| | (अ) ए की मात्रा | (ब) ओ की मात्रा | (स) औ की मात्रा | (द) ऐ की मात्रा | ( ) |
| 7 | दीपावली से संबंधित चित्र को चुनिए | | | | |
| | (अ)  | (ब)  | (स)  | (द)  | ( ) |
| 8 | सड़क से संबंधित कौन सा कथन सही है? | | | | |
| | (अ) वाहन तेज गति से चलाना | (ब) वाहन बायी ओर चलाना | (स) कूड़ा करकट सड़क पर फेंकना | (द) सड़क पर नाली का पानी छोड़ना | ( ) |
| 9 | चित्र संकेत कर रहा है  | | | | |
| | (अ) खड़ी चढ़ाई है | (ब) हॉर्न ना बजाए | (स) दाएं ओर विकट मोड है | (द) बाएं ओर विकेट मोड है | ( ) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **10** | **चित्र में दिखाई दे रहे लोग कौन है?**  | | | | |
| | **(अ) कुम्हार** | **(ब) सुथार** | **(स) सुनार** | **(द) गाड़ोलिया लोहार** | **( )** |
| **11** | **निम्नलिखित में से समान उच्चारण वाले शब्दों के समूह का चयन कीजिए।** | | | | |
| | **(अ) घर ,हल** | **(ब) हाथ ,पैर** | **(स) मात्रा ,यात्रा** | **(द) पहला, प्रथम** | **( )** |
| **12** | **एक जैसे अक्षर से शुरू होने वाले शब्दों के समूह को पहचानिए-** | | | | |
| | **(अ) जंगल ,मंगल** | **(ब) मंगल, मंदिर** | **(स) मैदान, पर्वत** | **(द) रीति, पाँव** | **( )** |
| **13** | **निम्नलिखित में से कमल का पर्यायवाची समूह चुनिए-** | | | | |
| | **(अ) जल, नीर** | **(ब) वायु, पवन** | **(स) पंकज ,नीरज** | **(द) विटप ,वृक्ष** | **( )** |
| **14** | **निम्नलिखित में से समान उच्चारण वाले शब्दों के समूह का चुनाव कीजिए।** | | | | |
| | **(अ) गाँव ,चाँद , छाँव** | **(ब) पाँव, गाँव ,साँप** | **(स) दाँव ,घाव , पाठ** | **(द) गाँव ,पाँव , छाँव** | **( )** |
| **15** | **एक शिष्ट व्यक्ति में कौनसा लक्षण नहीं होना चाहिए?** | | | | |
| | **(अ) सदा सत्य बोलना \|** | **(ब) अपने से बड़ों के साथ आदरपूर्वक व्यवहार करना \|** | **(स) माता - पिता की आज्ञा टालना \|** | **(द) नम्रता से उत्तर देना \|** | **( )** |
| **16** | **आँखों का तारा होना' से आपका क्या आशय है?** | | | | |
| | **(अ) आँखों के लिए तारा देखना** | **(ब) सबका प्यारा होना** | **(स) सबके लिए तारा होना** | **(द) आँखों का प्यारा होना** | **( )** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **17** | **निम्न में से किस चित्र में खरगोश को गुड़ खाते हुए दर्शाया गया है?** | | | | |
| | **(अ)**  | **(ब)**  | **(स)**  | **(द)**  | **( )** |
| **18** | **कक्षा में जब शिक्षक पढ़ा रहे हों, तो शिष्टाचार के अनुसार आपको कैसे व्यवहार करना चाहिए?** | | | | |
| | **(अ) बातें करना और सवाल पूछना** | **(ब) ध्यानपूर्वक सुनना और सवाल पूछना** | **(स) बिना ध्यान दिए बाहर देखना** | **(द) शिक्षक के सामने उठकर बाहर जाना** | **( )** |
| **19** | **रतन, पेन और उदयपुर शब्द संज्ञा है तो साइकिल, घर, चिड़िया शब्द किसके उदाहरण हैं?** | | | | |
| | **(अ) सर्वनाम** | **(ब) संज्ञा** | **(स) क्रिया** | **(द) विशेषण** | **( )** |
| **20** | **निम्नलिखित में से कौनसे सभी कार्यों में बिजली का प्रयोग होता है ?** | | | | |
| | **(अ) पंखा चलाने, टी. वी चलाने मे** | **(ब) साईकिल चलाने, क्रिकेट खेलने में** | **(स) पौधे उगाने, मंजन करने में** | **(द) पानी पीने, भोजन करने में** | **( )** |
| **21** | **श' अक्षर से शुरू होने वाले शब्दों के समूह का चयन कीजिए।** | | | | |
| | **(अ) शोषण ,पोषक, वर्षा** | **(ब) सत्य, शत्रु ,सदाचार** | **(स) वर्षा ,शहर , पोषक** | **(द) शत्रु ,शहर , शपथ** | **( )** |
| **22** | **दिए गए चित्रों में से किस विकल्प में बालकों को सतोलिया खेलते हुए दिखाया गया है ?** | | | | |
| | **(अ)**  | **(ब)**  | **(स)**  | **(द)**  | **( )** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | निर्देश – गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 23 से 28 तक के उत्तर दे<br>राहुल एक गाँव में रहता था। वह बहुत दयालु और परिश्रमी लड़का था। हर दिन वह स्कूल जाने से पहले अपने घर के पास के तालाब में मछलियों को दाना खिलाता था। एक दिन, उसने देखा कि तालाब का पानी गंदा हो गया है और मछलियाँ तड़प रही हैं। राहुल ने सोचा कि उसे कुछ करना चाहिए। उसने गाँव के लोगों से मदद मांगी और सबने मिलकर तालाब को साफ किया। कुछ दिनों बाद, तालाब का पानी फिर से साफ हो गया और मछलियाँ खुश होकर तैरने लगीं। गाँव के लोग राहुल की तारीफ करने लगे। | | | | |
| 23 | राहुल हर दिन किसे दाना खिलाता था? | | | | |
| | (अ) कुत्तों को | (ब) मछलियों को | (स) पक्षियों को | (द) गायों को | ( ) |
| 24 | राहुल ने तालाब को साफ करने का निर्णय क्यों लिया? | | | | |
| | (अ) उसे तालाब में तैरना था | (ब) मछलियाँ तड़प रही थीं | (स) उसके दोस्तों ने कहा | (द) उसे गाँव के लोगों को खुश करना था | ( ) |
| 25 | अगर आपके पास के तालाब का पानी गंदा हो जाए, तो आप क्या करेंगे? | | | | |
| | (अ) तालाब को नजरअंदाज करेंगे | (ब) तालाब को साफ करेंगे | (स) मछलियों को बाहर निकाल लेंगे | (द) तालाब को भर देंगे | ( ) |
| 26 | राहुल के तालाब को साफ करने के निर्णय और मछलियों के खुश होकर तैरने के बीच क्या संबंध है ? | | | | |
| | (अ) राहुल ने तालाब को साफ किया जिससे मछलियाँ खुश होकर तैरने लगीं | (ब) राहुल ने तालाब को खाली कर दिया जिससे मछलियाँ खुश हुईं | (स) राहुल ने तालाब को छोड़ दिया जिससे मछलियाँ तैरने लगीं | (द) राहुल ने तालाब में और गंदगी डाल दी जिससे मछलियाँ तैरने लगीं | ( ) |
| 27 | क्या राहुल का तालाब को साफ करने का निर्णय सही था? क्यों? | | | | |
| | (अ) हाँ, क्योंकि इससे मछलियाँ खुश होकर तैरने लगीं | (ब) नहीं, क्योंकि इससे उसका समय बर्बाद हुआ | (स) हाँ, क्योंकि उसे तालाब साफ देखना पसंद था | (द) नहीं, क्योंकि उसे गाँव के लोगों से मदद मांगनी पड़ी | ( ) |
| 28 | आप राहुल की जगह होते तो तालाब को साफ करने के लिए और क्या कर सकते थे? | | | | |
| | (अ) गाँव के लोगों को सफाई के लिए प्रेरित कर सकते थे | (ब) तालाब के किनारे कचरा पेटी रख सकते थे | (स) मछलियों के लिए पौष्टिक खाना ला सकते थे | (द) सभी दिए गए विकल्प | ( ) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | निर्देश – गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 29 से 33 तक के उत्तर दे<br>गाँव में एक छोटी सी लड़की थी जिसका नाम मीनू था। मीनू हर सुबह जल्दी उठकर स्कूल जाती थी। एक दिन, मीनू ने देखा कि उसके रास्ते में एक छोटा सा पौधा उग आया है। मीनू ने सोचा कि उसे इस पौधे की देखभाल करनी चाहिए। वह रोज पौधेको पानी देती और उसकी देखभाल करती। कुछ दिनों बाद, पौधों पर एक सुंदर फूल खिल गया। मीनू ने अपने दोस्तों को भी यह बात बताई और सबने मिलकर अन्य पौधों की देखभाल करना शुरू कर दिया। गाँव अब और भी हरा-भरा हो गया। | | | | |
| 29 | मीनू ने रास्ते में क्या देखा? | | | | |
| | (अ) एक पत्थर | (ब) एक पक्षी | (स) एक पौधा | (द) एक कुत्ता | (   ) |
| 30 | मीनू ने पौधे को क्यों देखा? | | | | |
| | (अ) क्योंकि वह सुंदर था | (ब) क्योंकि वह बड़ा था | (स) क्योंकि वह उसके रास्ते में था | (द) क्योंकि वह उसके घर में था | (   ) |
| 31 | अगर आपके रास्ते में एक पौधा उग आए, तो आप क्या करेंगे? | | | | |
| | (अ) उसे उखाड़ देंगे | (ब) उसकी देखभाल करेंगे | (स) उसे नजर अंदाज करेंगे | (द) उसे पत्थर से ढक देंगे | (   ) |
| 32 | मीनू के पौधे की देखभाल करने और गाँव के हरा-भरा होने के बीच क्या संबंध है? | | | | |
| | (अ) मीनू ने अपने दोस्तों को प्रेरित किया, जिससे सबने पौधों की देखभाल की | (ब) मीनू ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर पौधों को उखाड़ दिया | (स) मीनू ने अकेले ही सारे पौधों की देखभाल की | (द) मीनू ने पौधों को छोड़ दिया | (   ) |
| 33 | क्या मीनू का पौधे की देखभाल करना सही था? क्यों? | | | | |
| | (अ) हाँ, क्योंकि इससे पौधों पर सुंदर फूल खिल गया | (ब) नहीं, क्योंकि इससे उसका समय बर्बाद हुआ | (स) हाँ, क्योंकि उसे पौधों से प्यार था | (द) नहीं, क्योंकि उसे पढ़ाई करनी चाहिए थी | (   ) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | निर्देश – गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 34 से 39 तक के उत्तर दे<br>रीमा एक प्यारी लड़की थी। वह अपने माता-पिता की बहुत मदद करती थी। एक दिन, रीमा ने देखा कि उसकी माँ बहुत थकी हुई है। उसने अपनी माँ को आराम करनेके लिए कहा और खुद खाना बनाने लगी। रीमा ने अपने पसंदीदा व्यंजन पुलाव बनाया। जब उसके माता-पिता ने खाना खाया, तो वे बहुत खुश हुए और रीमा की तारीफ की। | | | | |
| 34 | रीमा ने कौन सा व्यंजन बनाया? | | | | |
| | (अ) दाल-रोटी | (ब) लड्डू | (स) पुलाव | (द) सब्जी | ( ) |
| 35 | रीमा ने खाना क्यों बनाया? | | | | |
| | (अ) उसे खाना बनाना पसंद था | (ब) उसकी माँ बहुत थकी हुई थी | (स) उसके पिताजी ने उसे बनाने के लिए कहा | (द) उसे नई रेसिपी आजमानी थी | ( ) |
| 36 | यदि आप रीमा की जगह होते, तो आप अपनी माँ की मदद कैसे करते? | | | | |
| | (अ) माँ के साथ मिलकर काम करते | (ब) माँ को आराम करने के लिए कहते और खाना बनाते | (स) खाना ऑर्डर कर देते | (द) माँ से कह देते कि वह आराम करे | ( ) |
| 37 | रीमा के खाना बनाने के निर्णय और उसके माता-पिता की खुशी के बीच क्या संबंध है? | | | | |
| | (अ) रीमा का खाना बनाने से उसकी माँ और पिता खुश हुए। | (ब) रीमा ने खाना बनाया क्योंकि उसे अच्छा लगता था। | (स) माँ-पिता ने रीमा की मदद की इसलिए वे खुश हुए। | (द) रीमा ने नया व्यंजन बनाया इसलिए माँ-पिता खुश हुए। | ( ) |
| 38 | क्या रीमा का खाना बनाने का निर्णय सही था, क्यों? | | | | |
| | (अ) हाँ, क्योंकि इससे उसकी माँ को आराम मिला | (ब) नहीं, क्योंकि उसे आराम करना चाहिए था | (स) हाँ, क्योंकि उसे खाना बनाना पसंद था | (द) नहीं, क्योंकि उसे खाना बनाना नहीं आता था | ( ) |
| 39 | आप रीमा की जगह होते तो अपनी माँ की मदद करने के लिए और क्या कर सकते थे? | | | | |
| | (अ) घर की सफाई कर सकते थे | (ब) माँ के साथ बैठकर बातें कर सकते थे | (स) माँ के लिए चाय बना सकते थे | (द) सभी दिए गए विकल्प | ( ) |
| | निर्देश – गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 40 से 48 तक के उत्तर दे<br>रामू एक मेहनती लड़का था। वह रोज़ सुबह उठकर अपने खेत में काम करता था। वह फसलों की देखभाल करता और समय पर पानी देता। एक दिन, गाँव में एक बड़ा मेला लगा। रामू ने सोचा कि वह मेले में जाकर कुछ नई चीजें | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | खरीदेगा। उसने अपने खेत की सारी फसल बेची और मेले में चला गया। वहां उसने कई चीजें खरीदीं और दोस्तों के साथ बहुत आनंद लिया। | | | | |
| 40 | रामू क्या करता था? | | | | |
| | (अ) वह मेला देखता था | (ब) वह खेत में काम करता था | (स) वह घर में रहता था | (द) वह किताब पढ़ता था | ( ) |
| 41 | रामू मेले में क्यों गया था? | | | | |
| | (अ) दोस्तों से मिलने | (ब) नई चीजें खरीदने | (स) खेल देखने | (द) भोजन करने | ( ) |
| 42 | यदि रामू ने अपनी फसल नहीं बेची होती, तो क्या होता? | | | | |
| | (अ) वह मेले में नहीं जा पाता | (ब) वह नई चीजें खरीद पाता | (स) वह खेत में काम करता रहता | (द) वह सोता रहता | ( ) |
| 43 | रामू का मेला जाने का निर्णय क्या सही था? अपने उत्तर का कारण बताएं। | | | | |
| | (अ) हाँ, क्योंकि उसने फसल बेच कर नई चीजें खरीदीं और आनंद लिया | (ब) नहीं, क्योंकि उसे खेत में ही रहना चाहिए था | (स) हाँ, क्योंकि मेले में जाने से उसे नई जानकारी मिली | (द) नहीं, क्योंकि उसने फसल सस्ते में बेची | ( ) |
| | निर्देश – गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 44 से 60 तक के उत्तर दे<br>सीता एक बहुत ही मेहनती लड़की थी। वह हर सुबह जल्दी उठकर अपनेबगीचे में फूलों की देखभाल करती थी। एक दिन, उसने देखा कि उसके बगीचे के फूल मुरझा रहे हैं। उसने सोचा कि शायद उन्हें ज्यादा पानी की जरूरत है। उसने फूलों को पानी दिया और कुछ दिन बाद, फूल फिर से खिल उठे। सीता बहुत खुश हुई और उसने अपने दोस्तों को भी बताया कि फूलों की देखभाल कैसे करनी चाहिए। | | | | |
| 44 | गद्यांश के अनुसार सीता किसकी देखभाल करती थी? | | | | |
| | (अ) पेड़ | (ब) जानवर | (स) फूल | (द) सब्जियाँ | ( ) |
| 45 | सीता के फूल मुरझाने का क्या कारण हो सकता है? | | | | |
| | (अ) ज्यादा धूप | (ब) ज्यादा पानी | (स) कम पानी | (द) खाद की कमी | ( ) |
| 46 | यदि आपके बगीचे के फूल मुरझा रहे हों, तो आप क्या करेंगे? | | | | |
| | (अ) उन्हें धूप में रखेंगे | (ब) उन्हें पानी देंगे | (स) उन्हें उखाड़ देंगे | (द) उन्हें छाँव में रखेंगे | ( ) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 47 | क्या सीता का फूलों को पानी देने का निर्णय सही था? क्यों? | | | | |
| | (अ) हाँ, क्योंकि फूल फिर से खिल उठे | (ब) नहीं, क्योंकि इससे समय बर्बाद हुआ | (स) हाँ, क्योंकि इससे उसकी मेहनत रंग लाई | (द) नहीं, क्योंकि फूल मुरझाते ही रहे | (     ) |
| 48 | आप सीता की जगह होते तो फूलों की देखभाल के लिए क्या नई तरकीबें अपनाते? | | | | |
| | (अ) नियमित रूप से पानी देना औरस ही मात्रा में खाद डालना | (ब) हर रोज़ नए फूल लगाना | (स) सिर्फ धूप में रखना | (द) फूलों को छाँव में रखना | (     ) |
| 49 | निर्देश – पद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 49 से 54 तक के उत्तर<br>बगीचे में खिला है फूल, रंग-बिरंगा प्यारा फूल। सुबह-सुबह की ठंडी हवा, ले आई खुशबू महकता फूल। बगीचे में क्या खिला है? | | | | |
| | (अ) पेड़ | (ब) घास | (स) फूल | (द) फल | (     ) |
| 50 | पद्यांश के अनुसार फूल किस समय महकता है? | | | | |
| | (अ) दोपहर में | (ब) शाम को | (स) रात में | (द) सुबह-सुबह | (     ) |
| 51 | अगर आप बगीचे में जा रहे हैं, तो पद्यांश के अनुसार आपको किसकी महक मिलेगी? | | | | |
| | (अ) फल की | (ब) घास की | (स) फूल की | (द) पेड़ की | (     ) |
| 52 | "रंग-बिरंगा प्यारा फूल" का क्या अर्थ है? | | | | |
| | (अ) फूल सफेद है | (ब) फूल काला है | (स) फूल रंग-बिरंगा और प्यारा है | (द) फूल बगीचे में नहीं है | (     ) |
| 53 | क्या आप सहमत हैं कि फूल बगीचे को सुंदर बनाता है? अपने उत्तर का समर्थन करें। | | | | |
| | (अ) हाँ, क्योंकि फूल रंग-बिरंगे और महकदार होते हैं। | (ब) नहीं, क्योंकि फूल जल्दी मुरझा जाते हैं। | (स) हाँ, क्योंकि फूल पेड़ों से बड़े होते हैं। | (द) नहीं, क्योंकि फूलों में कांटे होते हैं। | (     ) |
| 54 | फूल पर आधारित दो नई पंक्तियाँ लिखें। | | | | |
| | (अ) फूलों की पंखुड़ियाँ नाजुक हैं, खुशबू से भर देतीं | (ब) पेड़ों पर नये पत्तें, सुंदर सुंदर लगते है। | (स) साफ सुथरा मेरा स्कूल, मुझे लगता है प्यारा | (द) नई नई बेलों पर लगे है, अंगूर सुंदर और मीठे-मीठे | (     ) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | हृदय। | | | | |
| 55 | निर्देश – पद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 55 से 60 तक के उत्तर देवे – <br><br> आम हमारे देश के फलों का राजा, मीठा रस इसका सबसे प्यारा। हर बच्चा इसका दीवाना, आम लाया खुशियों का खजाना। पद्यांश में किस फलों को 'राजा' कहा गया है? | | | | |
| | (अ) सेब | (ब) केला | (स) आम | (द) अंगूर | ( ) |
| 56 | पद्यांश के अनुसार आम किसके लिए सबसे प्यारा है? | | | | |
| | (अ) बड़ों के लिए | (ब) बच्चों के लिए | (स) पशुओं के लिए | (द) पेड़ों के लिए | ( ) |
| 57 | यदि आप बच्चों को खुश करना चाहते हैं, तो इस पद्यांश के अनुसार कौनसा फल लाएंगे? | | | | |
| | (अ) सेब | (ब) केला | (स) आम | (द) अंगूर | ( ) |
| 58 | आम लाया खुशियों का खजाना' का क्या मतलब है? | | | | |
| | (अ) आम ने खजाना ढूंढ़ा | (ब) आम खुशियाँ लाता है | (स) आम खजाने में रहता है | (द) आम दु:ख लाता है। | ( ) |
| 59 | क्या आप सहमत हैं कि आम सबसे प्यारा फल है? अपने उत्तर का समर्थन करें। | | | | |
| | (अ) हाँ, क्योंकि आम मीठा और रसदार होता है। | (ब) नहीं, क्योंकि मुझे सेब अधिक पसंद है। | (स) हाँ, क्योंकि आम का स्वाद सबसे अच्छा होता है। | (द) नहीं, क्योंकि आम महंगा होता है। | ( ) |
| 60 | आम पर आधारित दो नई पंक्तियाँ लिखें। | | | | |
| | (अ) आहा टमाटर लाल टमाटर मजेदार टमाटर रसदार टमाटर | (ब) आम का मौसम जब भी आए, हर दिल में खुशी छा जाए । | (स) खट्टे अंगूर, लोमड़ी के हाथना आए अंगूर, मेरे हैं मीठे अंगूर | (द) पीला केला मन को ललचाए, हरा केला कभी ना भाए | ( ) |
| | निर्देश – निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 61 से 66 तक के उत्तर दे \| <br> नदी किनारे एक गाँव था, जहाँ हरियाली का ठाँव था । बच्चे खेलते थे छाँव में, संग ठंडी हवा का बहाव था। | | | | |
| 61 | पद्यांश के अनुसार, बच्चे कहाँ खेलते थे? | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | (अ) नदी में | (ब) छाँव में | (स) पेड़ के ऊपर | (द) घर में | ( ) |
| 62 | "संग ठंडी हवा बहाव था" का क्या अर्थ है? | | | | |
| | (अ) हवा नहीं चल रही थी | (ब) ठंडी हवा बह रही थी | (स) गर्म हवा चल रही थी | (द) हवा का कोई प्रभाव नहीं था | ( ) |
| 63 | पद्यांश के अनुसार, गाँव कैसा लगता है? | | | | |
| | (अ) उदास और अकेला | (ब) हरा-भरा और आनंदमय | (स) शोरगुल वाला | (द) गंदा और बेजान | ( ) |
| 64 | "नदी किनारे एक गाँव था" से क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है? | | | | |
| | (अ) गाँव पहाड़ पर था | (ब) गाँव के पास नदी थी | (स) गाँव के पास कोई जल स्रोत नहीं था | (द) गाँव समुद्र के किनारे था | ( ) |
| 65 | इस पद्यांश के आधार पर एक शीर्षक चुनें। | | | | |
| | (अ) हरे-भरे मैदान | (ब) बच्चों की शरारतें | (स) गाँव का आनंद | (द) ठंडी हवा | ( ) |
| 66 | इस पद्यांश को पढ़कर आप कौन सी नई पंक्तियाँ जोड़ेंगे? | | | | |
| | (अ) गाँव में कभी बारिश नहीं होती थी। | (ब) गाँव में हर कोई उदास था। | (स) गाँव में सभी खुशी से रहते थे। | (द) गाँव में कोई पेड़ नहीं था। | ( ) |
| 67 | निर्देश – गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 67 से 72 तक के उत्तर देवे -<br>चंदा मामा दूर के, पूए पकाए भूर के। आप खाएं थाली में, मुन्ने को दे प्याली में।<br>'चंदा मामा' किस रंग के पूए पकाते हैं? | | | | |
| | (अ) लाल | (ब) पीले | (स) भूरें | (द) हरे | ( ) |
| 68 | मुन्ने' को भोजन किसमें दिया गया है? | | | | |
| | (अ) गिलास | (ब) कटोरी | (स) थाली | (द) प्याली | ( ) |
| 69 | यदि आपको 'चंदा मामा' के बारे में एक नाटक प्रस्तुत करना हो, तो आप किन पात्रों को शामिल करेंगे? | | | | |
| | (अ) चंदा मामा और मुन्ना | (ब) चंदा मामा और सूरज | (स) मुन्ना और तारे | (द) चंदा मामा और तारे | ( ) |
| 70 | इस पद्यांश में 'थाली' और 'प्याली' का उपयोग कैसे किया गया है? | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | (अ) दोनों में भोजन रखा गया है | (ब) एक में भोजन और दूसरे में पानी रखा गया है | (स) दोनों में पानी रखा गया है | (द) दोनों का कोई उपयोग नहीं हुआ है | ( ) |
| 71 | आपके अनुसार, 'चंदा मामा' का मुन्ने के लिए प्याली में भोजन देना कैसा है? | | | | |
| | (अ) अच्छा, क्योंकि बच्चे के लिए प्याली सही है | (ब) बुरा, क्योंकि मुन्ना भी थाली में खा सकता था | (स) सामान्य, क्योंकि यह सिर्फ एक कविता है | (द) कोई मत नहीं | ( ) |
| 72 | आप 'चंदा मामा' के बारे में एक नया पद्यांश बनाएं। इसमें कौन-कौनसी चीजें जोड़ सकते हैं? | | | | |
| | (अ) चंदा मामा का खेल | (ब) चंदा मामा की यात्रा | (स) चंदा मामा की दोस्ती | (द) उपरोक्त सभी | ( ) |
| 73 | मैं कहीं कच्ची हूँ तो कहीं पक्की, कहीं मैं घुमावदार बनी तो कहीं एकदम सीधी सपाट स्कूल ,कॉलेज ,अस्पताल ,महल,झोपड़ी,बाग बगीचे है बाजार और भी न जाने कहाँ-कहाँ मेरी पहुँच है उक्त गद्यांश के आधार पर बताइए कि सड़क की आकृति कैसी होती है \| | | | | |
| | (अ) घुमावदार | (ब) एकदम सीधी सपाट | (स) एकदम गोल | (द) कहीं घुमावदार कहीं एकदम सीधी सपाट | ( ) |
| 74 | निम्न में से किसी वाक्य में विराम चिह्नों का सही प्रयोग किया गया है | | | | |
| | (अ) अरे, आज गोपाल क्यों नहीं आया? | (ब) अरे? आज गोपाल क्यों नहीं आया। | (स) अरे! आज सूरज क्यों नहीं निकला? | (द) अरे। आज सूरज क्यों नहीं निकला? | ( ) |
| | प्राय: मैं भारत के सभी भागों में पाई जाती हूँ। मेरा दूध ,मधुर सुपाच्य होता है। मेरा बच्चा बड़ा होने के बाद खेती के काम में किसान का हाथ बँटाता है। मैं कई रंगों की होती हूँ जैसे सफेद, काली ,भूरी आदि। | | | | |
| 75 | इस गद्यांश का शीर्षक बताइए | | | | |
| | (अ) भैंस | (ब) गाय | (स) बकरी | (द) ऊँटनी | ( ) |
| 76 | हल की नोंक लिए लिखते हम गीत यहाँ खुशहाली के।"उक्त पंक्ति केअनुसार हल की नोंक से खुशहाली के गीत कैसे लिखे जाते हैं? | | | | |
| | (अ) किसान द्वारा खेतों में गीत गाने से | (ब) हल के बंधे हुए घुंघरू बजने से | (स) किसान खेत में हल से गीत लिखता है | (द) किसान द्वारा हल से बीज बोने से | ( ) |
| 77 | वाह !कितना सुंदर फूल है। उक्त वाक्य में "वाह "शब्द मन के किस भाव को व्यक्त कर रहा है | | | | |
| | (अ) क्रोध | (ब) करुणा | (स) विस्मय | (द) द्वेष | ( ) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 78 | मैं अंधेरे में उजाला करती हूँ। गर्मी में ठंडक पहूँचाती हूँ। सर्दियों में------ देती हूँ । रिक्त स्थान के लिए उचित विलोम शब्द का चयन कीजिए | | | | |
| | (अ) सर्दी | (ब) बर्फ | (स) ठंडक | (द) गर्मी | ( ) |
| 79 | दिखाया गया चित्र है -  | | | | |
| | (अ) ताजमहल | (ब) लाल किला | (स) अजमेर दरगाह | (द) हवा महल | ( ) |
| 80 | राम को बाग में पीला आम मिला। उक्त वाक्य में _____ विशेषण शब्द है | | | | |
| | (अ) राम | (ब) बाग | (स) पीला | (द) आम | ( ) |
| 81 | मैना के पिताजी देश की आजादी के लिए अंग्रेजों से लड़े थे।"उक्त पंक्ति के आधार पर बताइए कि मैंना के पिताजी ने_______आजादी की लड़ाई किससे लड़ी थी | | | | |
| | (अ) अंग्रेजों | (ब) मुगलों | (स) आतंकियों | (द) यहूदियों | ( ) |
| 82 | उचित शब्द से वाक्य पूरा करो जिससे सार्थक मुहावरा बन जाए। छोटे मुँह____ बात करते हो। | | | | |
| | (अ) अच्छी | (ब) बड़ी | (स) मीठी | (द) सुन्दर | ( ) |
| 83 | वर्तनी की दृष्टि से 'र' के प्रयोग से बना शुद्ध शब्द है | | | | |
| | (अ) पूरब | (ब) दरद | (स) दर्द | (द) दृद | ( ) |
| 84 | किसान खेत में______जोतता है। रिक्त स्थान के लिए उचित शब्द बताइए\| | | | | |
| | (अ) बीज | (ब) हल | (स) गन्ना | (द) हॉकी | ( ) |
| 85 | कक्षा तीन के छात्रों ने ऐसे स्थान का भ्रमण किया जहाँ बहुत सी दुकाने थी, बहुत भीड़-भाड़ थी ,ऊपर हवा में गुब्बारे लहरा रहे थे, बहुत से झूले भी थे ,बच्चे,बूढ़े, स्त्री ,युवा सभी वहाँ थे। बताओ इस तरह छात्रों ने ___ का भ्रमण किया। | | | | |
| | (अ) बाजार | (ब) शादी पार्टी | (स) मेले | (द) उत्सव | ( ) |
| 86 | रिक्त स्थान में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द भरो, विमल सात _______पत्थर लाया। | | | | |
| | (अ) वृताकार | (ब) व्रत्ताकार | (स) वर्ताकार | (द) वृत्ताकार | ( ) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **87** | **निम्न में सबसे छोटे कान वाला जंतु है** | | | | |
| | **(अ) बंदर** | **(ब) घोड़ा** | **(स) हाथी** | **(द) कुत्ता** | **( )** |
| | **निर्देश – निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 88 से 89 तक के उत्तर दे \|<br>एक बार जंगल में सात खरगोश कबड्डी खेल रहे थे। बंदर ,भालू, हिरण वह अन्य जानवर उनका खेल देख रहे थे। बहुत ही फुर्ती और हिम्मत से उनका खेल चल रहा था दोनों दल अपनी अपनी जीत के लिए दाँव लगा रहे थे।** | | | | |
| **88** | **गद्यांश के आधार पर निम्न प्रश्न का उत्तर दीजिए। जंगल में _____कबड्डी खेल रहे थे।** | | | | |
| | **(अ) बंदर** | **(ब) हाथी** | **(स) हिरण** | **(द) खरगोश** | **( )** |
| **89** | **कबड्डी के खेल में एक समय में कितने खिलाड़ी खेलते हैं।** | | | | |
| | **(अ) 6** | **(ब) 7** | **(स) 8** | **(द) 9** | **( )** |
| **90** | **प्रायः हिंदी की सभी पाठ्य-पुस्तकों में 'यात्रा वृतान्त' पाठ दिए जाते है। - पुस्तकों में 'यात्रा वृतान्त ' पाठ दिए जाने का मुख्य उद्देश्य क्या है ?** | | | | |
| | **(अ) छात्र, किसी यात्रा के लिए अपने आप को तैयार कर ले।** | **(ब) यात्रा वर्णन पढ़कर अपने आपको उत्साहित महसूस करें।** | **(स) यात्रा वर्णन पाठों से उस स्थान विशेष के महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर ले।** | **(द) यात्रा पाठों से आवा गमन के साधनों की जानकारी प्राप्त कर ले** | **( )** |
| **91** | **" बहुत ही सुहावना "\| इस समय आना सागर में पानी भी काफी है।<br>उक्त वाक्य में 'आना सागर' है -** | | | | |
| | **(अ) एक नदी** | **(ब) एक सागर** | **(स) एक सरोवर** | **(द) एक टांका** | **( )** |
| **92** | **सूरज के पर्यायवाची शब्दों को दर्शाने वाले विकल्प को चुनिए -** | | | | |
| | **(अ) राकेश, रवि, भानु** | **(ब) दिनेश, रवि, भानु** | **(स) रवि, सूर्य, दिवस** | **(द) सरोज, सूर्य, चाँद** | **( )** |
| **93** | **चाँद, बांग, रंग, पखं, भँवरे, पंछी, बूंदे, आँख, पसंद। - उक्त शब्द सारणी के आधार पर अनुनासिक शब्द समूह को दर्शाने वाले विकल्प का चयन कीजिए -** | | | | |
| | **(अ) चाँद, रंग, भँवरे, पंछी** | **(ब) चाँद, बाँग, भँवरे ,आँख** | **(स) रंग, पंख, पंछी, पसंद** | **(द) बाँग, पंछी, बूंदे, आँख** | **( )** |
| **94** | **कौआ, पूरी रोटी, चुपड़ी, लोमड़ ,डाली, नाती ,मधुर प्रभाती ,गाना, मीठा राग ,पंजे में पकड़ी ,नादानी, उक्त शब्दों के आधार पर बनी कविता या कहानी का नाम क्या है?** | | | | |
| | **(अ) प्यासा कौआ** | **(ब) मीठे बोल** | **(स) अब तक बहुत बह चुका पानी** | **(द) खट्टे अंगूर** | **( )** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 95 | गुरुजी ने रमेश की बड़ाई की तो रमेश 'फूलकर कुप्पा' हो गया। उक्त वाक्य में आए मुहावरे का अर्थ बताइए | | | | |
| | (अ) बहुत खुश होना | (ब) गुब्बारे की तरह फूलना | (स) बहुत गुस्सा करना | (द) मुँह फुला लेना | ( ) |
| 96 | मैं अँधेरे में उजाला करुँगी \| मेरी चाल बहुत तेज है \| मै धातु के तारों में प्रवाहित होती हूँ \| उक्त गद्यांश में आपसे कौन बात कर रहा है \| | | | | |
| | (अ) मोमबत्ती | (ब) बिजली | (स) लालटेन | (द) टॉर्च | ( ) |
| 97 | निम्न में से <u>चिड़िया</u> का चित्र पहचाने \| | | | | |
| | (अ)  | (ब)  | (स)  | (द)  | ( ) |
| | निर्देश – निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 97 से 100 तक के उत्तर दे \|<br>" चिड़िया रानी प्यारी, चहक रही है न्यारी \| आसमान मै उड़ती जाती, अपने पंख फैलाती \|" | | | | |
| 98 | चिड़िया कहाँ उड़ रही है ? | | | | |
| | (अ) नदी मे | (ब) आसमान मे | (स) पेड़ पर | (द) घोंसले मे | ( ) |
| 99 | चिड़ियाँ कैसे उड़ रही है ? | | | | |
| | (अ) दौड़ कर | (ब) तैर कर | (स) पंख फैलाकर | (द) घोंसले में बैठकर | ( ) |
| 100 | अगर चिड़ियाँ अपने पंख न फैलाये तो क्या होगा ? | | | | |
| | (अ) वह उड़ नहीं पाएगी | (ब) वह पानी में डूब जाएगी | (स) वह अधिक ऊँचाउड़ जाएगी | (द) वह घोंसले में बैठ जाएगी | ( ) |

| Answer sheet | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| द | द | अ | ब | स | स | ब | ब | ब | द |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| स | ब | स | द | स | ब | अ | ब | ब | अ |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| द | द | ब | ब | ब | अ | अ | द | स | स |
| 31 | 32 | 33 | 34 | 35 | 36 | 37 | 38 | 39 | 40 |
| ब | अ | स | स | ब | ब | अ | अ | द | ब |
| 41 | 42 | 43 | 44 | 45 | 46 | 47 | 48 | 49 | 50 |
| ब | अ | अ | स | स | ब | अ | अ | स | द |
| 51 | 52 | 53 | 54 | 55 | 56 | 57 | 58 | 59 | 60 |
| स | स | अ | अ | स | ब | स | ब | अ | ब |
| 61 | 62 | 63 | 64 | 65 | 66 | 67 | 68 | 69 | 70 |
| ब | ब | ब | ब | स | स | स | द | अ | अ |
| 71 | 72 | 73 | 74 | 75 | 76 | 77 | 78 | 79 | 80 |
| अ | द | द | स | ब | द | स | द | द | स |
| 81 | 82 | 83 | 84 | 85 | 86 | 87 | 88 | 89 | 90 |
| अ | ब | स | अ | स | द | अ | द | ब | स |
| 91 | 92 | 93 | 94 | 95 | 96 | 97 | 98 | 99 | 100 |
| स | ब | ब | ब | अ | ब | द | ब | स | अ |

# गणित

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **संख्या 48 का विस्तारित रूप होगा -** | | | | |
| | **(अ) 40 + 8** | **(ब) 4 + 8** | **(स) 80 + 4** | **(द) 8 + 4** | **( )** |
| **2** | **निम्न में से कौन- सा विकल्प सही है ?** | | | | |
| | **(अ)**   | **(ब)**   | **(स)**   | **(द)**   | **( )** |
| **3** | **निम्न में से कौन-सा विकल्प सही नहीं है ?** | | | | |
| | **(अ)**  | **(ब)**  | **(स)**  | **(द)**  | **( )** |
| **4** | **निम्नलिखित में से कौन-सी आकृति या वस्तु भिन्न है ?** | | | | |
| | **(अ)**  | **(ब)**  | **(स)**  | **(द)**  | **( )** |
| **5** | **दी गई मोतीमाला के खाली बॉक्स में आने वाली संख्या चुनिए \|**   | | | | |
| | **(अ) 31** | **(ब) 35** | **(स) 38** | **(द) 39** | **( )** |
| **6** | **दिए गए पैटर्न में अगला चित्र कौन-सा आएगा ?**  | | | | |
| | **(अ)**  | **(ब)**  | **(स)**  | **(द)**  | **( )** |
| **7** | **यदि कल गुरुवार था तो आने वाला कल कौन-सा वार होगा ?** | | | | |
| | **(अ) शुक्रवार** | **(ब) बुधवार** | **(स) शनिवार** | **(द) मंगलवार** | **( )** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **8** | **निम्न चित्र के सम्बन्ध में कौन सी बात सही है ?–**   | | | | |
| | **(अ) रसगुल्ला 4 बच्चों को पसंद है** | **(ब) सबसे अधिक पसंद की जाने वाली मिठाई लड्डू है** | **(स) सबसे कम पसंद की जाने वाली मिठाई बर्फी है** | **(द) चार बच्चे जलेबी पसंद करते हैं** | **( )** |
| **9** | **बर्फी तथा जलेबी पसंद करने वाले बच्चों की संख्या में कितना अंतर है ?**   | | | | |
| | **(अ) 4** | **(ब) 6** | **(स) 2** | **(द) 3** | **( )** |
| **10** | **इनमें से कौन-सा धागा सबसे लंबा है, अनुमान लगाइए ?** | | | | |
| | **(अ)**  | **(ब)**  | **(स)**  | **(द)**  | **( )** |
| **11** | **किसके पास राम के बराबर कंचे है ?**   | | | | |
| | **(अ) राम** | **(ब) राधा** | **(स) मदन** | **(द) गीता** | **( )** |
| **12** | **यदि 8 तारीख को बुधवार हो तो ठीक अगला रविवार कौनसी तारीख को होगा ?** | | | | |
| | **(अ) 10** | **(ब) 12** | **(स) 15** | **(द) 19** | **( )** |
| **13** | **क्रिकेट के खेल में इनमें से कौन सी वस्तु की लंबाई आप केवल उंगलियों से मापेंगे -** | | | | |
| | **(अ) स्टम्प** | **(ब) गिल्ली** | **(स) बल्ला** | **(द) बल्लेबाजी पैड** | **( )** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **14** | **दी गई आकृति को पूरा करने के लिए इनमें से कौन सी आकृति चाहिए ?**<br> | | | | |
| | **(अ)**  | **(ब)**  | **(स)**  | **(द)**  | **( )** |
| **15** | **पापा शहर से लाए आम । गिनने पर थे 40 आम,10 बडे 10 छोटे आम । बोलो कितने मझले आम ?** | | | | |
| | **(अ) 10 आम** | **(ब) 30 आम** | **(स) 20 आम** | **(द) 35 आम** | **( )** |
| **16** | **घर के आंगन मे स्थित पेड की डाली पर दो चिडिया आकर बैठी ऐसा 6 बार हुआ । बताइए कुल कितनी चिड़िया पेड़ पर आकर बैठी थी ?** | | | | |
| | **(अ) 10 चिड़िया** | **(ब) 12 चिड़िया** | **(स) 18 चिड़िया** | **(द) 8 चिड़िया** | **( )** |
| **17** | **महेश अपने जन्मदिन पर कक्षा के बच्चों को बांटने के लिए चॉकलेट का एक पैकेट लेकर आया जिसमें कुल 50 चॉकलेट थी । महेश की कक्षा में कुल 35 बच्चे हैं जिनको एक-एक चॉकलेट बराबर दी गई एवं एक चॉकलेट अध्यापक ने भी खाई तो बताओ महेश के पास अब कुल कितनी चॉकलेट शेष बची ?** | | | | |
| | **(अ) 36 चॉकलेट** | **(ब) 35 चॉकलेट** | **(स) 15 चॉकलेट** | **(द) 14 चॉकलेट** | **( )** |
| **18** | **40 से 15 अंक छोटी और 17 से 8 अंक बड़ी संख्या कौन-सी होगी ?** | | | | |
| | **(अ) 15** | **(ब) 23** | **(स) 19** | **(द) 25** | **( )** |
| **19** | **दिए गए चित्र में कुल कितने कबूतर हैं ?**<br> | | | | |
| | **(अ) 13** | **(ब) 14** | **(स) 15** | **(द)16** | **( )** |
| **20** | **आप यदि चित्र में दिए गए मंदिर की तरफ चढ़ने के लिए आरोही क्रम का उपयोग करते हैं तो आप सबसे पहले किस संख्या सीढ़ी पर पांव रखेंगे**<br> | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | **(अ) 24** | **(ब) 17** | **(स) 21** | **(द) 20** | **( )** |
| **21** | **राहुल के दादाजी बाजार से दो टोकरी में सेब लाएं। प्रत्येक टोकरी में 12 सेब है। इन सेबों को बराबर बांटने पर घर के प्रत्येक सदस्य को 3-3 सेब मिलें। बताइए परिवार में कुल कितने सदस्य है ?** | | | | |
| | **(अ) 6** | **(ब) 4** | **(स) 8** | **(द) 3** | **( )** |
| **22** | **गरिमा ने मेले में से एक पतंग और एक गेंद खरीदी। बताओ उसने कितने रुपये खर्च किए।**   | | | | |
| | **(अ) 8 रुपये** | **(ब) 13 रुपये** | **(स) 15 रुपये** | **(द) 18 रुपये** | **( )** |
| **23** | **दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए व बताइए जग को आधा भरने के लिए कितनी कटोरी पानी की आवश्यकता होगी ?**  | | | | |
| | **(अ) 2** | **(ब) 4** | **(स) 6** | **(द) 8** | **( )** |
| **24** | **चॉक की संख्या के लिए सही विकल्प चुनिए।**  | | | | |
| | **(अ) 1 दहाई और 4 इकाई** | **(ब) 4 दहाई और 1 इकाई** | **(स) 1 दहाई और 1 इकाई** | **(द) 1 दहाई और 2 इकाई** | **( )** |
| **25** | **कक्षा तीन में 7 लड़के तथा 6 लड़कियां है।कक्षा में कुल विद्यार्थी हैं ?** | | | | |
| | **(अ) 7** | **(ब) 1** | **(स) 12** | **(द) 13** | **( )** |
| **26** | **इनमें से कौन सी वस्तु से समतल पर वृत्त नहीं बनाया जासकता ?** | | | | |
| | **(अ) सिक्का** | **(ब) चूड़ी** | **(स) बोतल का ढक्कन** | **(द) गेंद** | **( )** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 27 | पेंसिल तथा रबड़ की लंबाई में कितना अंतर है ?<br><br> | | | | |
| | (अ) 1 सेमी | (ब) 2 सेमी | (स) 3 सेमी | (द) 4 सेमी | (    ) |
| 28 | नमक के पैकेट का वजन कितना होगा ?<br><br> | | | | |
| | (अ) 200 ग्राम | (ब) 1200 ग्राम | (स) 800 ग्राम | (द) 1 किग्रा | (    ) |
| 29 | मीना ,रामू चाचा से, स्वयं के हाथ से मापी गई 15 हाथ लंबी रस्सी ले गई । वह जब रस्सी लौटाने आई तो चाचा ने उसकी लंबाई 14 हाथ मापी । दोनों मापों में अंतर का उचित कारण बताइए ? | | | | |
| | (अ) मीना रस्सी कम लेकर आई । | (ब) रामू चाचा ने रस्सी सही नहीं नापीं । | (स) मीना ने रस्सी सही नहीं मापी । | (द) समान मानक द्वारा रस्सी नहीं मापी गई । | (    ) |
| 30 | संख्या 68 का विस्तारित रूप होगा - | | | | |
| | (अ) 60 + 8 | (ब) 6 + 8 | (स) 80 + 6 | (द) 80 - 6 | (    ) |
| 31 | दिए गए विकल्पों में से कौनसा विकल्प 8 दहाई और 9 इकाई के बराबर है? | | | | |
| | (अ) 89 | (ब) 98 | (स) 17 | (द) 1 | (    ) |
| 32 | चित्र देखकर बताइए टेबल की ऊपरी सतह का पूरा क्षेत्र कितनी किताबें द्वारा ढक सकते हैं ? (टेबल पर कुछ पुस्तके रखी है)<br> | | | | |
| | (अ) 4 | (ब) 8 | (स) 12 | (द) 16 | (    ) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 33 | सीता रक्षाबंधन पर राखियां बनाने के लिए 33 मोतियों लाई। उसकी एक राखी 11 मोतियों से बनती है तो सीता उन मोतियों से कितनी राखियां बना सकेगी? | | | | |
| | (अ) 2 | (ब) 3 | (स) 4 | (द) 5 | (      ) |
| 34 | चित्रानुसार बराबर समूह बनाकर इनमें से किस गुणन पद को प्राप्त कर सकते हैं?  | | | | |
| | (अ) 3 x 3 | (ब) 4 x 4 | (स) 4 x 3 | (द) 3 x 5 | (      ) |
| 35 | दिए गए कैलेंडर को देखकर बताइए जून 2023 में कौनसा वार सबसे ज्यादा बार आया हैं?   | | | | |
| | (अ) रविवार और सोमवार | (ब) सोमवार और गुरूवार | (स) बुधवार और शुक्रवार | (द) गुरुवार और शुक्रवार | (      ) |
| 36 | एक दुकान में कुछ वस्तुओं की कीमतें नीचे दिखाई गयी हैं – राजू ने दुकानदार को कुछ नोट और सिक्के देकर एक किताब और एक पेंसिल ख़रीदी। कौनसा विकल्प उसके कुल खर्चे को दर्शाता है ?   | | | | |
| | (अ) 28 रुपयें  | (ब) 22 रुपयें  | (स) 35 रुपयें  | (द) 31 रुपयें  | (      ) |
| 37 | नीचे दी गई संख्याओं का सही आरोही क्रम हैं - 85,49,67,55 | | | | |
| | (अ) 49,85,67,55 | (ब) 49,55,85,67 | (स) 49,55,67,85 | (द) 49,67,85,55 | (      ) |
| 38 | नीचे दी गई संख्याओं का सही अवरोही क्रम हैं - 25,35,29,42 | | | | |
| | (अ) 42,35,29,25 | (ब) 42,35,25,29 | (स) 25,29,35,42 | (द) 25,29,42,35 | (      ) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 39 | दिए गए विकल्पों में से किस विकल्प में संख्याओं का योग 6 + 3 के बराबर है ? | | | | |
| | (अ) 2 + 2 + 3 | (ब) 7 - 2 | (स) 10 - 1 | (द) 5 + 3 | ( ) |
| 40 | निम्न में से लुढ़कने वाली वस्तु कौन सी है? | | | | |
| | (अ) माचिस की डिब्बी | (ब) डस्टर | (स) गेंद | (द) पुस्तक | ( ) |
| 41 | "SENTENCE" शब्द में घुमावदार रेखा से बने कितने वर्ण है? | | | | |
| | (अ) 1 | (ब) 2 | (स) 6 | (द) 8 | ( ) |
| 42 | चित्र के आधार पर कौन सा कथन सही है ?   | | | | |
| | (अ) AB की दूरी DC की दूरी से अधिक है | (ब) ED की दूरी BC के समान है | (स) EF की दूरी BC से अधिक है | (द) AF की दूरी ED के समानहै | ( ) |
| 43 | रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त संख्या का चयन करें ? 84 - ☐ = 12 | | | | |
| | (अ) A) 2 | (ब) 7 | (स) 72 | (द) 96 | ( ) |
| 44 | दिए गए चित्र में कितने मोती है ?  | | | | |
| | (अ) 10 | (ब) 11 | (स) 9 | (द) 5 | ( ) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **45** | **दिए गए चित्र में से खिसकने वाली वस्तु का चयन करें \|**   | | | | |
| | **(अ) A** | **(ब) B** | **(स) C** | **(द) D** | **( )** |
| **46** | **खिड़की पर लगे परदे पर बने फूलों की कुल संख्या हैं ?**  | | | | |
| | **(अ) 8** | **(ब) 7** | **(स) 9** | **(द) 6** | **( )** |
| **47** | **एक दुकान में कुछ वस्तुओं की कीमतें नीचे दिखाई गयी हैं – राजू ने दुकानदार को कुछ नोट और सिक्के देकर एक किताब और दो शॉपनर ख़रीदे। कौनसा विकल्प उसके कुल खर्चे को दर्शाता है ?**  **₹25 ₹6 ₹5** | | | | |
| | **(अ) 28 रुपयें**  | **(ब) 22 रुपयें**  | **(स) 35 रुपयें**  | **(द) 31 रुपयें**  | **( )** |
| **48** | **एक दुकान में कुछ वस्तुओं की कीमतें नीचे दिखाई गयी हैं – राजू ने दुकानदार को कुछ नोट और सिक्के देकर 4 शॉपनर और एक टॉफी ख़रीदी। कौनसा विकल्प उसके कुल खर्चे को दर्शाता है ?**  **₹2 ₹25 ₹6 ₹5** | | | | |
| | **(अ) 28 रुपयें**  | **(ब) 22 रुपयें**  | **(स) 35 रुपयें**  | **(द) 31 रुपयें**  | **( )** |
| **49** | **यदि आज रविवार है, तो बताइए 8 दिन बाद कौनसा वार होगा?** | | | | |
| | **(अ) सोमवार** | **(ब) बुधवार** | **(स) रविवार** | **(द) शुक्रवार** | **( )** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 50 | दिए गए चित्र में किस आकृति की संख्या सबसे ज्यादा है ?  | | | | |
| | (अ)  | (ब)  | (स)  | (द)  | (    ) |
| 51 | बाजार से राम ने 20 रुपये की कॉपी और 30 रुपये का पेंसिल बॉक्स खरीदा, तो उसने कुल कितने रुपये खर्च किये ? | | | | |
| | (अ) 20 रुपये | (ब) 30 रुपये | (स) 50 रुपये | (द) 60 रुपये | (    ) |
| 52 | दिए गए पैटर्न के लिए उचित विकल्प का चयन करें\|<br>15, 18, _____, 24, 27, ______, 33 | | | | |
| | (अ) 19, 28 | (ब) 21, 29 | (स) 21, 30 | (द) 22, 29 | (    ) |
| 53 | दिए गए पैटर्न के लिए आगे की 2 संख्याएँ हैं –<br>20, 17, 14, 11, ___, ____ | | | | |
| | (अ) 5, 8 | (ब) 8, 5 | (स) 14, 17 | (द) 12, 13 | (    ) |
| 54 | यदि 1 से 10 तक की संख्याएं क्रम में खड़ी है तो पहली संख्या और आखिरी संख्या का अंतर बताइए - | | | | |
| | (अ) 8 | (ब) 7 | (स) 9 | (द) 0 | (    ) |
| 55 | दिए गए पैटर्न में अगली संख्या क्या है ?<br>1, 1, 2, 3, 5, 8, ______ | | | | |
| | (अ) 12 | (ब) 11 | (स) 13 | (द) 16 | (    ) |
| 56 | दिए गए पैटर्न में अगली आकृति क्या है ?<br> | | | | |
| | (अ)  | (ब)  | (स)  | (द)  | (    ) |
| 57 | नीचे दी गई संख्याओं में से सबसे बड़ी संख्या हैं - | | | | |
| | (अ) 95 | (ब) 99 | (स) 59 | (द) 69 | (    ) |

**58** नीचे दी गई संख्याओं का सही अवरोही क्रम हैं -




| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (अ) 77,55,88,66 | (ब) 88,77,66,55 | (स) 55,66,77,88 | (द) 88,66,77,55 | ( ) |

**59** यदि तन्मय के पास 25 फूल हैं और मिशु के पास 48 फूल हैं, तो उनके पास कुल कितने फूल हैं ?

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (अ) 29 | (ब) 33 | (स) 63 | (द) 73 | ( ) |

**60** ज्योति के पिता के पास 89 आम थे। उन्होंने 14 आम ज्योति और उसकी बहनों को दे दिए और फिर 55 आम बाज़ार में बेच दिए। अब उनके पास कितने आम हैं ?

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (अ) 20 | (ब) 69 | (स) 34 | (द) 10 | ( ) |

**61** दिए गए पैटर्न के अनुसार रिक्त स्थान में आने वाली संख्या है ?

7,14,21, ______,35,42

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (अ) 35 | (ब) 28 | (स) 24 | (द) 23 | ( ) |

**62** निम्नलिखित में से तिरासी का विस्तारित रूप क्या होगा?

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (अ) 80 + 3 | (ब) 70 + 3 | (स) 30 + 7 | (द) 30 + 8 | ( ) |

**63** राखी के पास 10 फूलों की एक माला है। ऐसी 3 मालाओं में कुल कितने फूल होंगे?



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (अ) 3 | (ब) 10 | (स) 13 | (द) 30 | ( ) |

**64** संख्या 92 में अंक 9 का स्थानीयमान क्या है ?

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (अ) 10 | (ब) 9 | (स) 2 | (द) 90 | ( ) |

**65** 2 दहाई में से 6 इकाई को घटाइये |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (अ) 14 | (ब) 26 | (स) 20 | (द) 4 | ( ) |

**66** शनिवार से ठीक पहले कौनसा दिन आता है ?

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (अ) रविवार | (ब) शुक्रवार | (स) सोमवार | (द) बुधवार | ( ) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 67 | वर्ष का पाँचवाँ महीना कौनसा होता है ? | | | | |
| | (अ) मई | (ब) जून | (स) जुलाई | (द) अप्रैल | (   ) |
| 68 | वर्ष के किस अंग्रेजी महीने में दिनों की संख्या सबसे कम होती है? | | | | |
| | (अ) जनवरी | (ब) फरवरी | (स) मार्च | (द) अप्रैल | (   ) |
| 69 | 60 मिनट में कुल कितने घंटे होते हैं? | | | | |
| | (अ) 1 घंटा | (ब) 2 घंटे | (स) 24 घंटे | (द) 60 घंटे | (   ) |
| 70 | निम्न में से लम्बाई मापन की मानक इकाई है - | | | | |
| | (अ) बालिश्त | (ब) हाथ | (स) कदम | (द) मीटर | (   ) |
| 71 | एक बाग़ में अमरुद के 22 पेड़ एवं अनार के 15 पेड़ हैं, तो बाग़ में पेड़ों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए। | | | | |
| | (अ) 37 | (ब) 22 | (स) 15 | (द) 7 | (   ) |
| 72 | दो संख्याओं का योगफल 19 है। यदि एक संख्या 12 है, तो दूसरी संख्या होगी - | | | | |
| | (अ) 7 | (ब) 31 | (स) 21 | (द) 17 | (   ) |
| 73 | 70 से ठीक पहले आने वाली संख्या है - | | | | |
| | (अ) 71 | (ब) 69 | (स) 75 | (द) 59 | (   ) |
| 74 | निम्न में से 50 से छोटी संख्या है - | | | | |
| | (अ) 77 | (ब) 45 | (स) 51 | (द) 57 | (   ) |
| 75 | दो अंकों की सबसे बड़ी संख्या के ठीक पहले आने वाली संख्या है - | | | | |
| | (अ) 10 | (ब) 9 | (स) 89 | (द) 98 | (   ) |
| 76 | नीचे एक शार्पनर को पैमाने पर दर्शाया गया है - इस शार्पनर की लम्बाई कितनी है ?   | | | | |
| | (अ) 2 cm | (ब) 3 cm | (स) 4 cm | (द) 5 cm | (   ) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 77 | घड़ी में वह समय दिखाया गया है जब राम अपने दोस्तों के साथ खेलने गया था। राम जब खेलने गया तो क्या समय था ?  | | | | |
| | (अ) 5:10 | (ब) 2:25 | (स) 5:15 | (द) 2:05 | (   ) |
| 78 | दो अंकों की सबसे छोटी संख्या होती है - | | | | |
| | (अ) 99 | (ब) 10 | (स) 11 | (द) 90 | (   ) |
| 79 | एक अंक की सबसे बड़ी संख्या से ठीक बाद आने वाली संख्या है - | | | | |
| | (अ) 1 | (ब) 9 | (स) 10 | (द) 11 | (   ) |
| 80 | छिहत्तर को अंकों में लिखा जाता है - | | | | |
| | (अ) 66 | (ब) 67 | (स) 76 | (द) 86 | (   ) |
| 81 | संख्या 69 को शब्दों में लिखा जाता है - | | | | |
| | (अ) उनहत्तर | (ब) उनसठ | (स) उनासी | (द) नवासी | (   ) |
| 82 | संख्या 10 में अंकों की संख्या है - | | | | |
| | (अ) दस | (ब) दो | (स) एक | (द) शून्य | (   ) |
| 83 | तन्मय के पिता ने उसके लिए ₹ 80 में एक खिलौना और ₹ 25 में एक नोटबुक खरीदी। नोटबुक और खिलौने की कुल कीमत कितनी थी ? | | | | |
| | (अ) ₹100 | (ब) ₹105 | (स) ₹115 | (द) ₹114 | (   ) |
| 84 | 8 × 4 बराबर है ____________ | | | | |
| | (अ) 8+8+8+8 | (ब) 4+4+4+4 | (स) 8+8+8+8+4 | (द) 8+4+4+4+4 | (   ) |
| 85 | रमेश ने पेंसिल के 4 पैकेट खरीदे । प्रत्येक पैकेट में 9 पेंसिल हैं । उसने कुल कितनी पेंसिल खरीदी ? | | | | |
| | (अ) 49 | (ब) 13 | (स) 27 | (द) 36 | (   ) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 86 | अंक 2, 5, और 8 में से दो अलग-अलग अंकों का उपयोग करके सबसे बड़ी दो-अंकीय संख्या बनाएं। | | | | |
| | (अ) 52 | (ब) 85 | (स) 58 | (द) 82 | ( ) |
| 87 | पैटर्न को देखकर बताइए अगला विकल्प कौन-सा होगा ?<br>ABB, BCC, CDD, ___________. | | | | |
| | (अ) DEE | (ब) EED | (स) DED | (द) EFF | ( ) |
| 88 | दी गई घड़ी को देखकर बताइए 15 मिनिट पहले का समय क्या था ?  | | | | |
| | (अ) 3:05 | (ब) 4:00 | (स) 4:05 | (द) 3:00 | ( ) |
| 89 | खाली बॉक्स में कौनसी संख्या आएगी ? 54 - □ = 46 | | | | |
| | (अ) 8 | (ब) 46 | (स) 100 | (द) 54 | ( ) |
| 90 | रिक्त स्थान में कौनसी संख्या आएगी ? 18 + 15 = ___ + 18 | | | | |
| | (अ) 33 | (ब) 18 | (स) 15 | (द) 3 | ( ) |
| 91 | वर्ष के कितने महीनों में 30 दिन होते हैं ? | | | | |
| | (अ) 1 | (ब) 5 | (स) 4 | (द) 3 | ( ) |
| 92 | तराजू के एक पलड़े में खरबूजा और दूसरे में अमरूद है। यदि अमरूद का वजन 150 ग्राम है तो खरबूजे का वजन कितना हो सकता है ?   | | | | |
| | (अ) 90 ग्राम | (ब) 100 ग्राम | (स) 150 ग्राम | (द) 200 ग्राम | ( ) |
| 93 | प्रार्थना सभा की एक कतार में 9 बच्चे खड़े हैं तो ऐसी ही 8 कतार में कितने बच्चे खड़े हो सकते हैं? | | | | |
| | (अ) 98 | (ब) 72 | (स) 17 | (द) 9 | ( ) |
| 94 | निम्न में से किस विकल्प में संख्याओं का जोड़ 13 + 9 के बराबर है? | | | | |
| | (अ) 14 + 10 | (ब) 12 + 10 | (स) 11 + 12 | (द) 15 + 8 | ( ) |

**95** **दिए गए चित्र में रिक्त स्थान में कौन सी संख्या आएगी ?**




| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **(अ) 45** | **(ब) 30** | **(स) 41** | **(द) 19** | **( )** |

**96** **निम्नलिखित तालिका में तीन दोस्तों द्वारा खर्च की गई राशि को दर्शाया गया है। सबसे अधिक और सबसे कम खर्च की गई राशि के बीच अंतर ज्ञात कीजिए।**

| दोस्तों के नाम | खर्च की गई राशि |
|---|---|
| राम | 85 रुपए |
| श्याम | 20 रुपए |
| गीता | 78 रुपए |
| मोहन | 46 रुपए |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **(अ) 20 रुपयें** | **(ब) 85 रुपयें** | **(स) 65 रुपयें** | **(द) 105 रुपयें** | **( )** |

**97** **नीचे एक किराना स्टोर की मूल्य सूची दी गई है -**

**कनुप्रिया को किराना स्टोर से 1 किलोग्राम आटा, 1 किलोग्राम चीनी एवं 1 किलोग्राम चावल खरीदने के लिए कितने रुपए चुकाने होंगे –**

| लक्ष्मी किराना स्टोर | | |
|---|---|---|
| मूल्य सूची | | |
| **क्र.सं.** | सामान | दर/kg |
| 1 | आटा | ₹26 |
| 2 | चना दाल | ₹120 |
| 3 | चीनी | ₹42 |
| 4 | चावल | ₹65 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **(अ) ₹68** | **(ब) ₹91** | **(स) ₹107** | **(द) ₹133** | **( )** |

**98** **नव्य ने 37 नंबर को चार तरह से लिखा था। कौन सा तरीका सही नहीं है ?**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **(अ) 30 + 7** | **(ब) सैंतीस** | **(स) 10 + 10 + 10 + 7** | **(द) 3 + 70** | **( )** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 99 | एक डिब्बे में 5 गेंदें है ऐसे 6 डिब्बों में कुल कितनी गेंदें होंगी ?  | | | | |
| | (अ) 6 | (ब) 5 | (स) 11 | (द) 30 | ( ) |
| 100 | मैं दो अंको की संख्या हूँ। मेरे इकाई और दहाई के अंको का योग 15 है। बताइए मैं कौन हूँ - | | | | |
| | (अ) 15 | (ब) 55 | (स) 87 | (द) 95 | ( ) |

| उत्तरमाला | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| अ | अ | स | स | ब | स | स | द | द | द |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| ब | ब | ब | स | स | ब | द | द | ब | ब |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| स | स | अ | अ | द | द | अ | स | द | अ |
| 31 | 32 | 33 | 34 | 35 | 36 | 37 | 38 | 39 | 40 |
| अ | द | ब | द | स | द | स | अ | स | स |
| 41 | 42 | 43 | 44 | 45 | 46 | 47 | 48 | 49 | 50 |
| ब | अ | स | अ | अ | अ | स | ब | अ | ब |
| 51 | 52 | 53 | 54 | 55 | 56 | 57 | 58 | 59 | 60 |
| स | स | ब | स | स | ब | ब | ब | द | अ |
| 61 | 62 | 63 | 64 | 65 | 66 | 67 | 68 | 69 | 70 |
| ब | अ | द | द | अ | ब | अ | ब | अ | द |
| 71 | 72 | 73 | 74 | 75 | 76 | 77 | 78 | 79 | 80 |
| अ | अ | ब | ब | द | अ | अ | ब | स | स |
| 81 | 82 | 83 | 84 | 85 | 86 | 87 | 88 | 89 | 90 |
| अ | ब | ब | अ | द | ब | अ | ब | अ | स |
| 91 | 92 | 93 | 94 | 95 | 96 | 97 | 98 | 99 | 100 |
| स | ब | ब | ब | ब | स | द | द | द | स |

# ENGLISH

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Fill in the blanks with missing vowels "ag_ _n". | | | | |
| | (A) a,i, | (B) I,e, | (C) I,a, | (D) e,i, | ( ) |
| 2 | Which of the following sentences correctly uses the simple Present tense ? | | | | |
| | (A) Arun throws crumbs on the floor. | (B) He ate lunch. | (C) The Minister caught a dear. | (D) The deer was very thirsty. | ( ) |
| 3 | They lived in a <u>beautiful</u> forest. In the above line, the underlined word is working as - | | | | |
| | (A) Verb | (B) Adverb | (C) Adjective | (D) Preposition | ( ) |
| 4 | "Yes, that's woodcutter. <u>He</u> is cutting down the forest. In the above lines, the underlined word 'He' works as | | | | |
| | (A) Noun | (B) Adverb | (C) Adjective | (D) Pronoun | ( ) |
| 5 | Who stole the eggs from the <u>nest</u> …….Which punctuation mark should be used after the underlined word? | | | | |
| | (A) ? | (B) , | (C) ! | (D) " | ( ) |
| 6 | While they were walking on the side of the lane, he smelt foul air.<br>Find out the correct helping verb from the above sentence. | | | | |
| | (A) air | (B) they | (C) walking | (D) were | ( ) |
| 7 | Rearrange the jumbled words to make a meaningful sentence.<br>Charbhujanath Mandir /medta city /at /is located | | | | |
| | (A) Medta City/ Charbhujanath Mandir/ at/ is located | (B) At /Charbhujanath Mandir/ is located /Medta City | (C) Charbhujanath Mandir/ is located /at /Medta City | (D) Is located /Medta city /at /Charbhujanath Mandir | ( ) |
| 8 | Choose the correct option.<br>...........sun rises…..minister caught....deer. | | | | |
| | (A) a, an | (B) a, the | (C) The, the | (D) The, an | ( ) |
| 9 | a, e, i, o, u are......... | | | | |
| | (A) Vowels | (B) Numbers | (C) | (D) none of | ( ) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | Consonants | these | |
| 10 | Fill in the blanks with the correct option.<br>Ravi writes poems. He is a.......... | | | | |
| | (A) Poet | (B) Patriot | (C) Player | (D) Priest | ( ) |
| 11 | Read the sentence and choose the synonym word of 'sad' -<br>When the crows returned, they were very sad. | | | | |
| | (A) happy | (B) pleasure | (C) unhappy | (D) glad | ( ) |
| 12 | The correct order of constructing affirmative sentence is. | | | | |
| | (A) Verb, subject, object | (B) Object, subject, verb | (C) Subject, verb, object | (D) verb, object, subject | ( ) |
| 13 | Which of the following sentences uses the correct punctuation marks? | | | | |
| | (A) Can you make a boat, yes, I can? | (B) Can you make a boat? yes I, can. | (C) Can you make a boat? Yes, I can. | (D) Can you make a boat yes I can. | ( ) |
| 14 | Select a compound sentence. | | | | |
| | (A) Children played. Rain stopped and their parents chatted. | (B) Children played, and their parents chatted. | (C) Children played after the rain stopped. | (D) After the rain stopped, the children played, and their parents chatted. | ( ) |
| 15 | Select a sentence starting with the auxiliary verb | | | | |
| | (A) They don't like apples. | (B) Rahul has a pen. | (C) Don't pluck the flowers. | (D) What is your name? | ( ) |
